**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) बाराबंकी।**

पत्रांक 3036 / कार्य-25 / 73 दिनांक 24-04-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः– **वेब मीडिया पर प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक वेब मीडिया पर प्रकाशित खबर '**दुनौली गांव में दो साल से नहीं पहुंचा पानीः जल जीवन मिशन की पाइप लाइन बेकार, ग्रामीण परेशान**' के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कादिरपुर पेयजल योजना, विकास खण्ड हैदरगढ़ में दुनौली ग्राम को पेयजल से आच्छादित किये जाने हेतु रोड के किनारे बिछाई गयी पाइप लाइन लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त कर दी गयी है, जिसके कारण वर्तमान में पेयजल आपूर्ति प्रभावित है। लो0नि0वि0 से समन्वय स्थापित कर क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत कराकर पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कराये जाने का प्रयास किया जा रहा है।

आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय,

(अमित कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3– मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
5– जिलाधिकारी, बाराबंकी।
6– मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
7– श्री पियूष शुक्ला, सहा0अभि0(एसडब्लूएसएम)।
8– सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 मेघा इंजीनियरिंग, बाराबंकी को इस निर्देश के साथ कि समयान्तर्गत उक्त प्रकरण का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

# दुनौली गांव में दो साल से नहीं पहुंचा पानी: जल जीवन मिशन की पाइपलाइनें बेकार, ग्रामीण परेशान

शिव नारायण | मनसारा (हैदरगढ़), बाराबंकी
1 दिन पहले

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us



जल जीवन मिशन की पाइपलाइनें बेकार।

वीडियो
और देखें

कादिरपुर ग्राम पंचायत के दुनौली गांव में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइनें दो साल से निष्क्रिय पड़ी हैं। इससे ग्रामीणों को 'हर घर नल योजना' का लाभ नहीं मिल पा रहा है और वे पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, गांव के बाहर जल जीवन मिशन की पाइपें लगभग दो साल पहले जमीन में बिछाई गई थीं। हालांकि, इन पाइपों में अभी तक पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हुई है। सरकार की महत्वाकांक्षी 'हर घर नल योजना' का उद्देश्य प्रत्येक घर तक नल से जल पहुंचाना है, लेकिन दुनौली गांव में यह योजना अधूरी है।

इस संबंध में प्रधान प्रतिनिधि हरि प्रसाद ने बताया कि उन्होंने जल जीवन मिशन के ठेकेदार और जल विभाग के कर्मचारियों से बात की है। उन्होंने आश्वासन दिया

Scanned with OKEN Scanner

Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
Follow us on

है। कमल कुमार, रामराज रावत, सुनील कुमार, हरिराम रावत, सीमा देवी, आशा रावत, सर्वेश कुमारी और शिवा सहित कई ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल जीवन मिशन का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि उन्हें स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।



दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं → Follow us

## खबरें और भी हैं...

जनगणना 2027 की तैयारी तेज, पहली बार 'स्व-गणना' का मौका: बाराबंकी में 22 मई से शुरू होगा पहला चरण, 22 जून को होगा समापन



बाराबंकी ›

बाराबंकी में NRLM में भ्रष्टाचार: महिलाओं ने अफसरों पर लगाए घटिया मशीनें देने और धमकाने के आरोप




बाराबंकी ›

बाराबंकी में ट्रक की टक्कर से महिला की मौत: बाइक से पति के साथ ड्यूटी पर जा रही थीं, डेंटल कॉलेज में करती थी नौकरी



बाराबंकी ›

भेड़िया पंचायत में टीकाकरण अभियान: 10 गर्भवती महिलाओं और 12 शिशुओं का हुआ टीकाकरण, आंगनबाड़ी केंद्र पर मनाया गया पोषण उत्सव



मनसारा (हैदरगढ़) ›

आज का राशिफल मेष

मेष|Aries

पॉजिटिव- अपने रोज के काम समय पर पूरे करने से आप अपनी निजी गतिविधियों के लिए भी समय निकाल लेंगे। महिलाओं के लिए आज का दिन खास तौर पर लाभदायक है। घर के अलावा दूसरे कामों में भी उनका योगदान रहेगा। जरूरत ...

और पढ़ें



Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved
This website follows the DNPA Code of Ethics.

Scanned with OKEN Scanner